an>

Title: Need to set up Base Transceiver Stations of BSNL in Pratapgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh to augment mobile and internet connectivity in the region.

कुंवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़)ः मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) में बेस ट्रैन्सीबर स्टेशन (बी.टी.एस.) की भारी कमी के चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क से उपभोक्ता परेशान हैं। मोबाइल इंटरनेट एवं लैंडलाइन इंटरनेट प्रायः धीमी गति से चलते हैं। कॉल ड्रॉप होने के कारण कॉल बार-बार कट जाती है एवं पिछले वर्षों में कई लोगों ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की खराब व्यवस्था के कारण हजारों उपभोक्तओं ने अपने कनेक्शन बंद करा दिए हैं। जिले में विभागीय सूचना के माध्यम से वर्तमान में 124 बेस ट्रैन्सीबर स्टेशन कार्यरत हैं एवं 60 बेस ट्रैन्सीबर स्टेशन की मांग प्रस्तावित है। 3जी डाटा एवं 4जी डाटा नेटवर्क के बेस ट्रैन्सीबर स्टेशन 2 नगर क्षेत्र व 7 ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जाने की प्रक्रिया भी अभी तक लम्बित है।

जिलाधिकारी प्रतापगढ़ (उत्तर प्रदेश) के द्वारा पत्रांक संख्या 139/111, दिनांक 24.03.2015 में भी मुख्य महाप्रबंधक को अवगत कराया गया था लेकिन उक्त समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपभोक्ताओं के हित को देखते हुए 60 बेस ट्रैन्सीबर स्टेशन व 3जी डाटा एवं 4जी डाटा नेटवर्क के बेस ट्रैन्सीबर स्टेशन हेतु धन अवमुक्त किया जाए जिससे व्यवधान को दूर कर संचार व्यवस्था दुरुस्त हो सके।